समाचार

# आज 2516 लोगों को बना हुआ भोजन, तो 344 लोगों को दी गई राशन सामग्री किट

## (लाकडाउन के 42वें दिन भी आज जरूरतमंदों को राशन सामग्री व स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से बना हुआ भोजन वितरण कराया निगम अमले ने)

कोरबा 05 मई 2020 –लाकडाउन के 42वें दिन भी आज जरूरतमंद व्यक्तियों को राशन सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराने एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से बने हुए भोजन का वितरण कराने में बिना थके निगम का अमला आज भी डटा रहा। आज 2516 लोगों को बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया गया, तो वहीं दूसरी ओर 344 व्यक्तियों को राशन सामग्री से युक्त किट जरूरतमंदों को निःशुल्क प्रदान किए गए। स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा बना हुआ भोजन उपलब्ध कराने में दिए जा रहे निरंतर सहयोग के लिए प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने उनका धन्यवाद किया है। वहीं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री अग्रवाल द्वारा बचाव, नियंत्रण व सहायता कार्यो पर निरंतर नजर रखी जा रही है।

नोवल कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ी जा रही इस लड़ाई में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल एवं आयुक्त श्री राहुल देव के कुशल मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों के निर्वहन में अथक परिश्रम के साथ कार्य कर रहे हैं ताकि लाकडाउन के दौरान कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे। इसके साथ–साथ शहर की बेहतरसाफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, बाजारों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रतिदिन लगातार कार्य किए जा रहे हैं। सोशल डिस्टेंसिंग का अनिवार्य रूप से पालन करने तथा मास्क को अनिवार्य रूप से पहनने के लिए लोगों को लगातार समझाईश दी जा रही है तथा इनके उल्लंघन पर अर्थदण्ड भी लगाया जा रहा है। आज स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से 2516 लोगों को बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया गया, तो दूसरी ओर 344 व्यक्तियों को उनके घर पहुंचकर राशन सामग्री किट प्रदान की गई।

**स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराया गया बना हुआ भोजन**– नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व नियंत्रण हेतु विगत 42 दिनों से चल रहे लाकडाउन के दौरान जरूरतमंद व्यक्तियों को बना हुआ भोजन उपलब्ध कराने में शहर की स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग अत्यंत सराहनीय है, इन संस्थाओं द्वारा निरंतर अपना सहयोग दिया जा रहा है। आज बना हुआ भोजन अग्रवाल समाज, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी, एक्ट आफ ह्यूमिनिटी, जंगली फैमिली कोरबा द्वारा बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया गया।

**सेनेटाईजेशन कार्य सतत रूप से जारी** – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री राहुल देव के मार्गदर्शन में नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निरंतर रूप से सेनेटाईजेशन का कार्य किया जा रहा है। आज शासकीय कार्यालयों, कोरन्टाईन सेंटरों, जिला चिकित्सालय, निजी अस्पताल व क्लीनिक, पुलिस थाना चौकियों, एम्बुलेंस एवं शासकीय वाहनों, रैनबसेरों, सब्जी बाजारों, एस.एल.आर.एम.सेंटरों सहित वार्ड क्र. 13, 30, 37 तथा अन्य स्थानों का सेनेटाईजेशन का कार्य कराया गया। निगम अमले द्वारा सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में नियमित रूप से किए जाने वाले साफ–सफाई कार्यो को एक विशेष अभियान के रूप में संचालित कराते हुए नालियों, सड़कों की सफाई, कचरे का तुरंत उठाव, डोर–टू–डोर अपशिष्ट का संग्रहण, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव सहित अन्य साफ–सफाई संबंधी कार्य किए गए।

**मास्क न पहनने पर 4600 रूपये का जुर्माना**– मास्क न पहनने वाले लोगों पर आज निगम द्वारा विभिन्न जोनांतर्गत 4600 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया, संक्रमण से बचने के लिए मास्क पहनना अनिवार्य है, इस हेतु बार–बार लोगों को हिदायत दी जा रही है कि वे बिना मास्क पहने घरों से बाहर न निकले, किन्तु फिर भी लोग बिना मास्क के सार्वजनिक स्थानों पर निकल रहे हैं, आयुक्त श्री राहुल देव के निर्देश पर निगम अमले द्वारा इस पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा अर्थदण्ड की कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज दर्री जोनांतर्गत 2600 रूपये, बालको जोनांतर्गत 1300 रूपये, कोसाबाड़ी जोनांतर्गत 400 रूपये एवं कोरबा जोनांतर्गत 300 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया।